अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के संसद के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन की तैयारी संबंधी समिति की तीसरी बैठक में भाग लेंगी

नई दिल्ली, 31.05.2015: अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू), जेनेवा, संसद के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन का आयोजन करेगा, जो लोकतंत्र, वैधानिक संस्थाओं की भूमिका और संयुक्त राष्ट्र के साथ उनके संबंध पर ध्यान केन्द्रित करने वाला एक वैश्विक शिखर-सम्मेलन है। यह सम्मेलन अगस्त, सितम्बर, 2015 में आयोजित किया जाएगा।

पहला विश्व अध्यक्ष सम्मेलन वर्ष 2000 में आयोजित किया गया था और इसका आयोजन संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दि शिखर-सम्मेलन के आयोजन के साथ-साथ हुआ। उसके बाद, यह सम्मेलन पांच वर्षों के अंतराल में अर्थात् वर्ष 2005 और 2010 में आयोजित किया गया है।

सम्मेलन की तैयारियों के साथ आगे बढ़ते हुए , आईपीयू ने एक तैयारी संबंधी समिति गठित की है जिसमें विशिष्ट अध्यक्ष - महिलाएं और पुरुष - शामिल हैं। लोक सभा की माननीय अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन तैयारी संबंधी समिति की सदस्य हैं। तैयारी संबंधी समिति की पहली बैठक जेनेवा में जनवरी, 2014 में आयोजित की गई और इसकी दूसरी बैठक न्यूयार्क में नवंबर, 2014 में आयोजित की गई। अब, तैयारी संबंधी समिति की तीसरी बैठक जेनेवा में 1 और 2 जून, 2015 को आयोजित की जाएगी। लोक सभा की माननीय अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन इस बैठक में भाग लेंगी।

तैयारी संबंधी समिति की बैठक के दौरान, पीठासीन अधिकारी संसद के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन की कार्यसूची और मसौदा परिणामी दस्तावेज पर विचार करेंगे और उन्हें अनुमोदित करेंगे।

समिति के प्रतिभागी अध्यक्षों के सम्मेलन तथा संधारणीय विकास लक्ष्यों संबंधी संयुक्त राष्ट्र शिखर-सम्मेलन के मध्य पारस्परिक संबंधों के बारे में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ वार्ता भी करेंगे।